हिन्दी साप्ताहिक

# न्यूज आइकॉन

T.C. NO. MAHHIN10172

संपादक - मुर्तुजा मामाजीवाला | ईमेल: newsicon2021@gmail.com | मूल्य: रु. - 2/-

वर्ष: 1 | अंक: 37 | पृष्ठ: 8 | शुक्रवार 21 जनवरी से 27 जनवरी 2022

## राज कुंद्रा मामले में पूनम पांडे को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत



मुंबई। पॉपुलर मॉडल और बॉलीवुड एक्ट्रेस पूनम पांडे ने राज कुंद्रा पोर्नोग्राफी मामले में सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। बॉम्बे हाईकोर्ट ने इस मामले में पूनम पांडे की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी थी। बॉम्बे हाईकोर्ट के इस आदेश के खिलाफ पूनम पांडे ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। पूनम पांडे की याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें अंतरिम राहत दी है। रिपोर्ट्स के मुताबिक 2020 में पूनम पांडे के खिलाफ पोर्नोग्राफी के एक मामले में केस दर्ज किया गया था। यह मामला राज कुंद्रा मामले से जुड़ा था। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जस्टिस विनीत सरन और जस्टिस बीवी नागरत्ना की बेंच ने पूनम पांडे की याचिका पर सुनवाई की।

# आतंकियों के टारगेट पर पीएम मोदी !


## खुफिया एजेंसियों को मिला अलर्ट

मुंबई। खुफिया एजेंसियों को गणतंत्र दिवस पर संभावित आतंकी साजिश के बारे में अलर्ट मिला है। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अन्य गणमान्य व्यक्तियों की जान को खतरा बताया गया है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक नौ पन्नों की खुफिया जानकारी में पीएम मोदी और उन हस्तियों के लिए खतरा बताया गया है जो भारत के 75वें गणतंत्र दिवस समारोह में शामिल होंगे। गणतंत्र दिवस पर पांच मध्य एशियाई देशों- कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान, तुर्कमेनिस्तान और उजबेकिस्तान के नेताओं को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किए जाने की संभावना है। नोट में बताया गया है कि यह खतरा



पाकिस्तान/अफगानिस्तान-पाकिस्तान के बाहर स्थित गुटों से है। रिपोर्ट के मुताबिक आतंकी संगठनों का उद्देश्य बड़ी हस्तियों को टारगेट करना, सार्वजनिक सभाओं, महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों औरभीड़-भाड़ वाले इलाकों में अशांति फैलाना है। ड्रोन से भी हमले की कोशिश की जा सकती है। इनपुट में कहा गया है कि आतंकी खतरे के पीछे लश्कर-ए-तैयबा, द रेजिस्टेंस फोर्स, है।






# नाना पटोले की गिरफ्तारी तक जारी रहेगा बीजेपी का आंदोलन



**मुंबई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले द्वारा दिया गया कथित बयान कांग्रेस पर भारी पड़ने लगा है। बीजेपी ने और ज्यादा उग्र विरोध प्रदर्शन की चेतावनी दी है। बीजेपी ने साफ किया है कि जब तक नाना पटोले पर एफआईआर दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार नहीं किया जाता, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। उधर, कांग्रेस ने भी प्रधानमंत्री मोदी का नाम खराब करने तथा संवैधानिक पद का अपमान करने का आरोप लगाते हुए बीजेपी के खिलाफ पुलिस स्टेशन में शिकायत की है। इस पूरे मामले में गृह मंत्री दिलीप वलसे पाटील ने कानून के अनुसार कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

गृह मंत्री दिलीप वलसे पाटील से मुलाकात

बुधवार को मंत्रालय के करीब स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा के सामने मुंबई बीजेपी के अध्यक्ष मंगलप्रभात लोढा के नेतृत्व में विधायक राजहंस सिंह, राहुल नार्वेकर, मुंबई बीजेपी के महामंत्री संजय उपाध्याय, उपाध्यक्ष पवन त्रिपाठी, प्रवक्ता उदय प्रताप सिंह, अजय सिंह, योगेश वर्मा सहित बीजेपी के तमाम नेताओं ने अनशन किया। पूरे दिन नेता आते-जाते रहे। अनशन के दौरान लोढा ने कहा कि नाना पटोले का व्यवहार विनाश काले विपरीत बुद्धि जैसा हो गया है। नाना बार-बार प्रधानमंत्री मोदी के विरोध में गलत भाषा का प्रयोग कर रहे हैं। पहले पंजाब और अब महाराष्ट्र में कांग्रेस नेताओं द्वारा प्रधानमंत्री को मारने की बातें खुले तौर पर की जा रही हैं। बाद में एक प्रतिनिधिमंडल ने राज्य के गृह मंत्री दिलीप वलसे पाटील से मुलाकात कर पूरी स्थिति की जानकारी दी। पाटील ने उन्हें आश्वासन दिया कि इस मामले में कानून के मुताबिक कार्रवाई की जाएगी। देर शाम को अनशन पर बैठे बीजेपी कार्यकर्ताओं को मरीन लाइन पुलिस ने हिरासत में ले लिया। पुलिस में सभी की जानकारी लेकर छोड़ दिया। इस बीच प्रदेश उपाध्यक्ष माधव भंडारी ने दावा किया कि कांग्रेस अध्यक्ष नाना के खिलाफ बीजेपी कार्यकताओं ने राज्य भर में 100 से अधिक स्थानों पर शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने कहा कि पटोले के विरोध में आपराधिक शिकायत दर्ज कर जब तक उन पर कार्रवाई नहीं की जाएगी, तब तक बीजेपी का आंदोलन जारी रहेगा। इधर, कांग्रेस के कार्यकर्ता भी नाना के बचाव में उतर आए हैं। राज्य के कई पुलिस स्टेशनों में कांग्रेस के कार्यकर्ता बीजेपी के खिलाफ शिकायत लेकर पहुंचे। पुलिस को ज्ञापन देकर बीजेपी के कार्यकताओं पर कार्रवाई की मांग की। बुधवार को महाराष्ट्र कांग्रेस के प्रवक्ता भरत सिंह ने विले पार्ले पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पीआई संजय नार्वेकर को शिकायत पत्र सौंपा, जिसमें भरत सिंह का कहना है कि मोदी के नाम का बीजेपी दुरुपयोग कर रही है।

# ठाकरे को अपनी बैठकों के लिए अधिकार किसी और को देना चाहिए



**मुंबई।** महाराष्ट्र में मुख्य विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कल कहा कि मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे को किसी और को अपने अधिकार सौंप देने चाहिए जो उनकी जगह पर दैनिक बैठकों में शामिल हो सके और राज्यों में कुछ जगहों के दौरे कर सके। दरअसल ठाकरे (61) ने नवंबर में सर्वाइकल स्पाइन सर्जरी कराई थी। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रकांत पाटिल ने कहा कि लोग कह रहे हैं कि मुख्यमंत्री ने पिछले करीब 70 दिन से लोगों से मुलाकात नहीं की है। इसलिए ठाकरे को उनके अधिकार किसी और को दे देने चाहिए जो उनकी जगह दैनिक बैठकों में शामिल हो सकें और कभी-कभी राज्य में कुछ स्थानों का दौरा कर सकें। उन्होंने कहा कि वह हमारे मित्र की तरह हैं, इसलिए उनके जल्द पूरी तरह स्वस्थ होने की कामना करता हूं।

# सोमवार से खुलेंगे स्कूल!शिक्षा विभाग ने दिया प्रस्ताव



**मुंबई।** राज्य के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में सोमवार से स्कूल खुल सकते हैं। स्कूल शिक्षा मंत्री वर्षा गायकवाड़ ने कहा कि स्कूल शुरू करने का प्रस्ताव स्कूल शिक्षा विभाग ने राज्य के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे को मंजूरी के लिए भेजा है। स्कूल शुरू करने को लेकर अंतिम निर्णय गुरुवार को होने वाली कैबिनेट की मीटिंग लिया जाएगा। शिक्षा के क्षेत्र में काम कर रहे विभिन्न संगठन, संस्थाएं, विद्यार्थियों और अभिभावकों ने उन जगहों पर स्कूल शुरू करने की मांग कर रहे है जहां कोरोना का प्रकोप नहीं है। इस मांग को संज्ञान में लेते हुए शिक्षा विभाग की ओर से मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे को सौंपे गए प्रस्ताव में कहा गया है कि जिला अधिकारी और महानगरपालिका आयुक्त को विद्यालय की समीक्षा के बाद उसे शुरू करने का अधिकार दिया जाए। प्रस्ताव में यह भी सिफारिश की गई है कि स्कूल में टीकाकरण की आवश्यकता पर बल देते हुए 15 से 18 वर्ष के बीच के स्कूल-कॉलेज के विद्यार्थियों को स्कूल में टीका लगाया जाना चाहिए और स्थानीय प्रशासन को उन शिक्षकों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों का टीकाकरण करने के लिए तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए, जिन्होंने अभी तक वैक्सीन की दूसरी डोज नहीं ली है। कोरोना के ओमीक्रोन वेरिएंट के कारण 3 जनवरी से स्कूलों को बंद कर दिया गया था। हालांकि ऑनलाइन शिक्षा की सीमाओं के कारण, राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों को शैक्षिक नुकसान हो रहा है।

# परमबीर सिंह और वाजे के बीच में हुई थी गुप्त मीटिंग

## 4 पुलिसकर्मियों को कारण बताओं नोटिस



मुंबई। महाराष्ट्र में मुंबई के पूर्व पुलिस कमिश्नर परमबीर सिंह और बर्खास्त मुंबई पुलिस अधिकारी सचिन वाजे के बीच हुई कथित गुप्त बैठक के संबंध में सोमवार चार पुलिसकर्मियों को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है। नवी मुंबई पुलिस के अनुसार, कथित गुप्त बैठक में ढाई घंटे तक चली थी। जिसमें प्रोटोकॉल और नियमों की अनदेखी के आरोप लगे हैं। इस मामले में एक सब-इंस्पेक्टर और वाजे के एस्कॉर्ट के तीन कांस्टेबल के खिलाफ जांच की गई। देशमुख और वेज दोनों क्रमशः राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अलग-अलग मामलों में न्यायिक हिरासत में हैं। परमबीर सिंह के महाराष्ट्र के पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख के खिलाफ जबरन वसूली के आरोप की जांच के लिए महाराष्ट्र सरकार द्वारा जस्टिस केयू चांदीवाल कमेटी का गठन किया गया था। इस साल मार्च में सीएम ठाकरे को लिखे एक पत्र में, सिंह ने आरोप लगाया था कि देशमुख कई गलत कामों में शामिल थे, जिसमें सचिन वाजे को मुंबई में बार और रेस्तरां से 100 करोड़ रुपए इकट्ठा करने के लिए कहा गया था।

# मुंबई में थमी कोरोना की रफ्तार

## लगातार दूसरे दिन मिले 10 हजार से कम नए केस



मुंबई। देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में कोरोना वायरस के नए मामलों में बड़ी गिरावट देखने को मिली है। शहर में सोमवार को कोरोना वायरस 5956 नए केस सामने आए। वहीं, 12 और लोगों की मौत हुई है। नए केसों के गिरावट के साथ ही शहर में एक्टिव केसों की संख्या 50,757 पर आ गई है। आज दूसरा दिन है जब मुंबई में कोरोना वायरस के नए मामले 10 हजार से कम आए हैं। रविवार को शहर में 7895 नए केस मिले थे। चार जनवरी को शहर में 10,860 कोविड-19 के नए मामले दर्ज किए गए थे, जबकि छह से आठ जनवरी के बीच कोरोना वायरस के दैनिक संक्रमितों की संख्या 20 हजार के ऊपर रही। लेकिन इसके बाद से प्रतिदिन के नए मामले कम होने लगे थे म्युनिसिपल कॉरपोरेशन ग्रेटर मुंबई के स्वास्थ्य विभाग की ओर से मिली जानकारी के मुताबिक शहर में सोमवार को जितने नए मामले सामने आए उसमें 4994 में कोई लक्षण नहीं दिखे। जबकि 479 मरीजों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हालांकि, राहत की बात रही कि पिछले 24 घंटे में 15561 मरीज ठीक भी हुए। महाराष्ट्र में रविवार को कोरोना वायरस संक्रमण के 41,327 नए मामले सामने आए था और बीमारी के 29 और मरीजों ने दम तोड़ दिया था।

# महाराष्ट्र में जारी रहेगा सर्दी का सितम !



मुंबई। बीते कुछ दिनों से मुंबई समेत महाराष्ट्र में ठंडी का प्रकोप जारी है। मौसम विभाग की माने तो इस सप्ताह भी सर्दी का सितम जारी रहेगा। महाराष्ट्र वासियों को इस सप्ताह भी आसमान में बादल, ठंड और कोहरे से जूझना पड़ेगा।

पिछले सप्ताह कोंकण इलाके को छोड़कर महाराष्ट्र के कई हिस्सों जैसे मराठवाड़ा और मध्य महाराष्ट्र में अधिकतम तापमान में 3 से 7 डिग्री तक की गिरावट देखी गई है। राज्य के कई जिलों में आगामी 20 जनवरी तक इसी प्रकार से तापमान में गिरावट देखी जाएगी। सप्ताह की शुरूआत में ठिठुरनभरी ठंड का अनुभव करने वाले मुंबईकरों को फिर से गर्मी का एहसास होने लगा है। बीते 3 दिन से तापमान में बढ़ोतरी देखी जा रही है। मौसम वैज्ञानिकों ने एक सप्ताह तक इसी तरह पारा बढ़ने का अनुमान लगाया है। वहीं, जनवरी के अंतिम सप्ताह से पारा लुढ़कना शुरू होगा। बता दें कि जनवरी के दूसरे सप्ताह की शुरूआत ठिठुरनभरी रही। सोमवार को इस सीजन की सबसे ठंडी सुबह रही। सप्ताह खत्म होते-होते एक बार फिर पारा चढ़ने लगा। रविवार को सांताक्रुज का अधिकतम तापमान 32.5 डिग्री और न्यूनतम तापमान 19.0 डिग्री, शनिवार को अधिकतम 31 डिग्री और न्यूनतम 18.6 डिग्री, शुक्रवार को अधिकतम 27.9 और न्यूनतम 18.2 डिग्री सेल्सियस रेकॉर्ड किया गया था।

वहीं, कोलाबा का अधिकतम तापमान 31.8 डिग्री और न्यूनतम तापमान 20.5 डिग्री, शनिवार को अधिकतम 30.4 और न्यूनतम 19.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

मौसम में बदलाव की वजह पूर्वी अरब सागर में बना मामूली कम दबाव का क्षेत्र बताया है। मौसम वैज्ञानिक दिनेश मिश्रा ने बताया कि हवा का रुख बदल गया है। पूर्व से बंगाल की खाड़ी से आने वाली हवा में नमी अधिक होती है .



## संपादक

संपादक: मुर्तुजा मामाजीवाला

# विरासत छोड़ गए महाराज

कुछ हस्तियां ऐसी होती हैं, जिनके लिए ह्यथींह्ल की कल्पना नहीं की जा सकती। जैसे, एमएस सुब्बुलक्ष्मी, बिस्मिल्ला खां। पंडित बिरजू महाराज भी इसी कद की शख्सियत रहे। ऐसी हस्ती का गुजर जाना भारतवर्ष के कला-इतिहास के लिए बहुत बड़ी क्षति है। यह सच है कि सबको एक न एक दिन जाना ही होता है, लेकिन जो समृद्ध विरासत महाराज जी छोड़कर गए हैं, वह अनुपम है। अद्भुत कला सृष्टि है उनकी। पंडित रविशंकर की तरह बिरजू महाराज के भी हजारों की संख्या में शिष्य-शिष्याएं दुनिया भर में छाए हुए हैं। उनकी प्रेरणा, सिखाने का उनका तरीका, उनका गुरुत्व आदि याद कर यही लगता है कि कला जगत में एक बड़ा बटवृक्ष गिर गया। पंडित बिरजू महाराज का कला व्यक्तित्व अतुलनीय था। उनकी छटा, उनकी अदाएं, उनके तरीके- अपने लखनऊ घराने को पूरा समेटे हुए थे वह। वह तबला भी बजाते थे, ढोलक भी और पखावज भी। सुस्वर में गाना भी गाते थे। और, नृत्य के कहने ही क्या! बैठकर भी वह बखूबी भंगिमाएं देते थे। जैसे ही वह कत्थक के लिए खड़े होते, यह दिख जाता कि कोई बहुत गुणी कलाकार प्रस्तुति देने जा रहे हैं। उनको हाथ उठाने की आवश्यकता नहीं पड़ती थी। वह चित्र भी बेहतरीन बनाते थे। उनकी सोच का स्तर अद्भुत था। उन्होंने शिष्य-शिष्या नहीं, अपना परिवार बनाया। वह ऐसे गुरु नहीं थे कि शिष्य को सिखा दिया और वह चलते बना। शिष्य-शिष्याओं से वह आत्मीय रिश्ता रखते थे और शिष्य भी अपने गुरु के प्रति पूरी तरह से समर्पित रहते थे।बिरजू महाराज के पास लखनऊ के कालका-बिंदादीन घराने का पूरा खजाना था। उन्होंने कत्थक में कई नृत्यावलियों की रचना की। गोवर्द्धन लीला, माखन चोरी, मालती-माधव, कुमार संभव जैसी नृत्यावलियां लोग मंत्रमुग्ध होकर देखा करते। ठुमरी, पद, गीत, दोहा आदि सबमें उनको महारत हासिल थी। उनके पिता का काफी पहले देहांत हो गया था। उनकी माता जी ने ही उन्हें पाला, संभाला था। गुरुओं और माता-पिता का उन पर इतना आशीर्वाद था कि उन्होंने खूब नाम कमाया। कत्थक को उन्होंने एक गरिमा दिलाई और अंतरराष्ट्रीय स्तर तक इसे लेकर गए।



# अयोध्या सदर और गोरखपुर सदर के बीच का जातियों का चुनावी अंकगणित

योगी आदित्यनाथ को बीजेपी गोरखपुर सदर सीट से लड़ा कर गोरखपुर-बस्ती मंडल की 41 सीटों को वापस अपने खेमे में लाने का प्रयास कर रही है.

पिछले हफ्ते बीजेपी शीर्ष नेतृत्व ने अपनी पहली सूची जारी करने के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अयोध्या या मथुरा से चुनाव लड़ने की अटकलों को विराम दे दिया. गोरखपुर सदर सीट रॅं१ से योगी आदित्यनाथ को टिकट देकर बीजेपी नेतृत्व ने स्वामी प्रसाद मौर्या) और हरिशंकर तिवारी के परिवार के समाजवादी पार्टी में जाने से उपजे इलाकाई हड़कंप को रोकने एवं गोरखपुर-बस्ती मंडल की 41 सीटों को वापस अपने खेमे में लाने के क्रम में यह कदम उठाया है.फिलहाल गोरखपुर मंडल के चार जनपदों क्रमशः गोरखपुर, देवरिया, कुशीनगर, महराजगंज की 28 सीटों में से 24 पर बीजेपी का कब्जा है. इसी तरह बस्ती मंडल के तीन जनपदों क्रमशः बस्ती, संत कबीर नगर और सिद्धार्थनगर की सभी 13 सीटें बीजेपी के पास हैं. ऐसे में हरिशंकर तिवारी, स्वामी प्रसाद मौर्या एवं ओम प्रकाश राजभर के सपा खेमे में जाने के बाद शीर्ष नेतृत्व के पास इन दोनों मंडलों को बचाने के लिये योगी आदित्यनाथ के सिवा कोई अन्य विकल्प नहीं था. गोरखपुर सदर सीट का इतिहास

वर्ष 1951 में आजादी के बाद हुए पहले चुनाव में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के इस्तीफा हुसैन यहां से पहले विधायक बने और उसके बाद उन्हें 1957 के चुनाव में भी जीत मिली. 1962 में इस सीट से भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के नियमतुल्लाह अंसारी निर्वाचित हुए. 1967 में भारतीय जनसंघ के यू प्रताप ने कांग्रेस से इस सीट को छीन लिया , लेकिन 1969 में कांग्रेस के रामलाल भाई ने इस सीट से जीत दर्ज की। 1974 में भारतीय जनसंघ के अवधेश कुमार यहां से विजयी हुए, 1977 में जनता पार्टी के अवधेश श्रीवास्तव को इस सीट से जीत मिली लेकिन बाद में पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के पुत्र सुनील शास्त्री ने 1980 और 1985 में इस सीट को कांग्रेस के कब्जे में रखा.गोरखपुर सदर अर्थात अब मठ की सीट दूसरी तरफ गोरखपुर सदर की सीट 1989 से अब तक हुए हर चुनाव में गोरखनाथ मठ के पास ही रही है. 1989 से 2017 तक हुए 8 विधानसभा चुनावों में से सात बार यह सीट बीजेपी और एक बार हिन्दू महासभा के पास रही है. 1989 से 1996 तक लगातार चार बार जीतने वाले शिव प्रताप शुक्ल उसके बाद 2002 में हिन्दू महासभा से जीतकर 2007 से लेकर 2017 तक बीजेपी से लगातार जीतने वाले डॉ राधामोहन दास अग्रवाल को देखने से स्पष्ट है कि 1989 से गोरखनाथ मठ का राजनीतिक दखल इस सीट पर बना हुआ है.

क्या है अयोध्या सदर का गणित अनुमानित आकंड़ों के अनुसार अयोध्या सदर सीट में ब्राह्मण वोटों की संख्या लगभग 70 हजार है इसके अलावा 32 हजार यादव वोटर भी हैं

. 50 हजार हरिजन वोटरों के अलावा राजपूत, बनिया, मौर्या कुर्मी वोटर भी 20-25 की संख्या के बीच हैं, निषाद एवं अन्य जातियों की भी अच्छी खासी संख्या है. सपा के पवन पांडेय ने इस सीट के जातीय समीकरण का लाभ उठा कर 2012 में यह सीट जीत ली थी. ऐसे में अयोध्या सदर की सीट को आज के वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य में योगी आदित्यनाथ की जीत के लिहाज से बहुत मजबूत किला नहीं माना जा सकता था.4 लाख से अधिक मतदाताओं वाली गोरखपुर सदर सीट में निषाद/केवट/ मल्लाह मतदाता 40 हजार से अधिक हैं. 30 हजार दलित वोटर भी हैं जिनमें पासवान समाज की संख्या सर्वाधिक है, वैश्य वोटरों में बनिया के अलावा जायसवाल 20-25 हजार हैं, ब्राह्मण 30 हजार से अधिक हैं साथ ही इतनी ही संख्या में राजपूत वोटर भी हैं, 20 झ 25 हजार मुस्लिम वोटर भी हैं. लेकिन सबसे अधिक संख्या में यहां कायस्थों के वोट हैं जो बीजेपी को हर हाल में जाते हैं. बंगाली समुदाय के वोट भी हैं शहर सीट पर निर्णायक होते हैं. माना जाता है कि मल्लाह, ब्राह्मण, राजपूत, कायस्थ एवं बनिया समेत आधे से अधिक संख्या में दलितों का वोट मठ की आज्ञा के अनुसार ही वोट करेगा और इस बात पर फिलहाल कोई संशय नहीं है.बीजेपी के अंदरखाने में भी नेतृत्व इस बात से आश्वस्त है कि इस सीट पर योगी आदित्यनाथ को कोई चिंता नहीं है और वे अपना ध्यान दोनों मंडलों की शेष सीटों पर लगा सकते हैं. योगी आदित्यनाथ अपने दम पर बिना बीजेपी से समर्थन लिये 2002 में राधा मोहन दास अग्रवाल को जीत दिलवाकर यह स्पष्ट कर चुके हैं कि इस सीट के चुनाव का नतीजा मठ के हाथ में है.

लेकिन गोरखपुर एवं बस्ती मंडलों की शेष सीटों में समीकरण तेजी से बन बिगड़ रहे हैं ,

बीजेपी को बसपा के प्रत्याशियों के घोषित होने का इंतजार है और माना जा रहा है कि बीजेपी इस इलाके की अन्य सीटों के टिकट आखिरी समय में ही घोषित करेगी. पूर्वांचल के इस हिस्से से शेष पूर्वांचल की सीटों पर भी असर पड़ना तय है ऐसे में आने वाले हफ़्तों में निर्णायक दृष्टिकोण से भारी फेरबदल की उम्मीद भी की जा रही है.

# अपर्णा यादव के भाजपा में शामिल होने पर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने दी बधाई





लखनऊः उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव से पहले समाजवादी पार्टी के नेता मुलायम सिंह यादव की पुत्र वधू अपर्णा यादव बुधवार को भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) में शामिल हो गईं। अपर्णा यादव को दिल्ली में भाजपा के बड़े पदाधिकारियों ने पार्टी की सदस्यता दिलाई है। उनके इस फैसले को भाजपा अपनी बड़ी जीत के रूप में देख रही है तो वहीं सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव की भी पहली प्रतिक्रिया आई है। अपने छोटे भाई प्रतीक यादव की

पत्नी अपर्णा बिष्ट यादव के भाजपा में शामिल होने पर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने तंज कसते हुए कहा कि उन्हें इस बात की खुशी है कि समाजवादी पार्टी की विचारधारा का विस्तार हो रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि नेताजी (मुलायम सिंह यादव) ने अपर्णा को काफी समझाने की कोशिश की थी। लखनऊ स्थित सपा मुख्यालय में बुधवार को आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में अखिलेश यादव ने कहा कि, ह्य...सबसे पहले मैं बधाई दूंगा और शुभकामनाएं। साथ ही साथ हमें इस बात की खुशी है कि समाजवादी विचारधारा का विस्तार हो रहा है। मुझे उम्मीद है कि हमारी विचारधारा वहां संविधान बचाएगी। क्या अपर्णा को मुलायम सिंह यादव का आशीर्वाद प्राप्त है? इसके जवाब में अखिलेश ने कहा, नेताजी ने बहुत कोशिश की समझाने की। क्या सपा के टिकट देने से इन्कार करने पर अपर्णा ने पार्टी बदली? इस पर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा टिकट अभी पूरे नहीं बंटे हैं, टिकट किसको मिलना है, किसको नहीं मिलेगा यह क्षेत्र और जनता पर निर्भर करता है, साथ ही हमारे आंतरिक सर्वे पर भी निर्भर करता है। उन्होंने यह भी कहा कि जिन लोगों को सपा टिकट नहीं दे पा रही है, उन्हें भाजपा टिकट दे रही है।

उन्होंने कहा कि गठबंधन में सभी को टिकट मिल पाना संभव नहीं है। इसलिए गठबंधन धर्म का पालन होना चाहिए। अगर सपा के कुछ लोग भाजपा के टच में हैं तो भाजपा के लोग भी अभी सपा के टच में हैं।

## यूपी विधानसभा के उपाध्यक्ष नितिन अग्रवाल ने दिया इस्तीफा



**लखनऊ** सदर विधायक व विधान सभा उपाध्यक्ष नितिन अग्रवाल ने बुधवार को अपने सभी पदों से इस्तीफा दे दिया। सुगबुगाहट शुरू होते ही नितिन अग्रवाल ने खुद असमंजस दूर किया। उन्होंने कहा कि सपा की प्राथमिक सदस्यता, विधायक और विधान सभा उपाध्यक्ष पद से इस्तीफा दिया है। विधिवत भाजपा की सदस्यता ले रहे हैं और पार्टी उन्हें जो जिम्मेदारी देगी उसका वह निर्वहन करेंगे।पूर्व सांसद नरेश अग्रवाल के पुत्र नितिन अग्रवाल ने 2017 का विधान सभा चुनाव सपा से ही जीता था। कुछ ही समय बाद उनके पिता नरेश अग्रवाल भाजपा में चले गए। नितिन अग्रवाल ने राज्यसभा चुनाव में भाजपा के प्रति निष्ठा जताते हुए बता दिया था कि अब वह भाजपा में हैं, जिसके बाद से वह भाजपा के ही मंच पर रहे। हाल में ही उन्हें भाजपा ने विधानसभा उपाध्यक्ष भी बनवाया था, हालांकि तकनीकी रूप से वह सपा में ही थे।

## समाजवादी पार्टी ने कयासों को दिया विराम, मैनपुरी के करहल से


### विधानसभा चुनाव लड़ेंगे अखिलेश यादव

लखनऊः उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव का अखाड़ा बेहद ही रोमांचक हो गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गोरखपुर के सदर तथा डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य के प्रयागराज के सिराथू से चुनाव लड़ने के एलान के बाद समाजवादी पार्टी ने भी अखिलेश यादव का चुनावी अखाड़ा तय कर दिया है। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष पार्टी की परंपरागत सीट मैनपुरी के करहल से चुनाव लड़ेंगे।समाजवादी पार्टी के मुख्य प्रवक्ता राजेन्द्र चौधरी ने अखिलेश यादव के करहल से चुनाव लड़ने की पुष्टि की। इससे पहले लखनऊ में बुधवार को ही अखिलेश यादव ने इसका संकेत दिया था। उन्होंने कहा था कि हम तो सीएम योगी आदित्यनाथ से पहले चुनाव लड़ेंगे। अखिलेश यादव के चुनाव का प्रभारी मैनपुरी से सांसद रहे तेज प्रताप यादव को बनाया गया है। मैनपुरी से ही मुलायम सिंह यादव सांसद हैं। यहां पर 20 फरवरी को मतदान होगा। आजमगढ़ से लोकसभा



सदस्य अखिलेश यादव मैनपुरी के करहल से विधानसभा का चुनाव लड़ेंगे। गुरुवार को समाजवादी पार्टी ने इसका एलान कर दिया है। कयास लगाए जा रहे थे कि अखिलेश यादव आजमगढ़ की किसी सीट या फिर बदायूं के गुन्नौर से चुनावी मैदान में आएंगे, लेकिन उनको पार्टी ने पैतृक सीट से मैदान में उतार दिया है। इस सीट पर समाजवादी पार्टी पिछले 30 वर्ष से चुनाव नहीं हारी है। 2017 के चुनाव में मोदी-योगी की लहर के बावजूद यहां सपा प्रत्याशी सोबरन सिंह को 50 फीसदी वोट मिले थे। आधिकारिक तौर पर पार्टी ने इसकी घोषणा नहीं की है।

## कविता




# कहै कबीर दीवाना-ओशो

वस्तुओं से तो कभी कुछ मिलनेवाला नहीं है। व्यक्तियों से मिलनेवाला है। इसलिए व्यक्तियों को वस्तुएं देने में उसे अड़चन नहीं आती। वह बांट सकता है। वह दानी हो सकता है। वह कृपण नहीं रह जाता। कृपणता उसकी खो जाती है। वह जानता है कि व्यक्तियों के प्रेम में सुरक्षा नहीं है। लेकिन व्यक्तियों को प्रेम जीवंत है।

वस्तुओं का प्रेम मुर्दा हैं, वैसे ही प्लास्टिक के फूल में सुरक्षा होती है। मिटने का डर नहीं होता। असली गुलाब का फूल तो सुबह खिलेगा, सांझ मिट जाएगा। डर मिटने का है, लेकिन क्या इसी कारण तुम प्लास्टिक का फूल लिए घूमते रहोगे? जीवन में खतरा है। प्लास्टिक के लिए कोई खतरा नहीं है। वर्षों तक वैसा ही बना रहेगा। जब चाहे तब धूल झाड़ देना, वह फिर ताजा मालूम पड़ेगा। असली फूल तो खिलते हैं और मिटते हैं। असली फूलों का मजा ही यही है, कि क्षण भर को जीवन और मृत्यु के बीच ऊपर उठते हैं। असली फूलों की असलियत यही है, **जारी......**

# रात को सोने से पहले कच्चा नारियल खाने से आपको मिल सकते हैं ये 5 फायदे

नारियल जितना खाने में स्वादिष्ट है उतना ही ये बेहद पौष्टिक और पोषक तत्वों से भरपूर है। कच्चे नारियल के अंदर पानी, ऊर्जा, प्रोटीन, फाइबर, कैल्शियम, आयरन, मैग्नीशियम, फॉस्फोरस, पोटेशियम, सोडियम, जिंक, कॉपर, विटामिन सी, विटामिन 6 आदि पोषक तत्व पाए जाते हैं जो सेहत को कई समस्याओं से दूर रख सकते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं यदि रात को सोने से पहले कच्चे नारियल का सेवन किया जाए तो सेहत को कई फायदे हो सकते हैं। जी हां, कच्चे नारियल के अंदर एंटीबैक्टीरियल और एंटी फंगल गुण मौजूद होते हैं जो कई समस्याओं से दूर रख सकते हैं। आज का हमारा लेख इसी विषय पर है। आज हम आपको अपने इस लेख के माध्यम से बताएंगे कि यदि आप रात को सोने से पहले कच्चे नारियल का सेवन करते हैं तो सेहत को क्या-क्या फायदे हो सकते हैं। इसके लिए हमने न्यूट्रिशनिस्ट और वैलनेस एक्सपर्ट वरुण कत्याल भी बात की है। पढ़ते हैं आगे नींद की समस्या हो दूर आज के समय में लोग बढ़ते तनाव और काम के प्रेशर के कारण नींद की समस्या का शिकार हो जाते हैं। ऐसे में इस समस्या को दूर करने में कच्चा नारियल आपके बेहद काम आ सकता है। आप रात को सोने से तकरीबन आधे घंटे पहले कच्चे नारियल का सेवन करें। ऐसा करने से न केवल नींद बेहतर आ सकती है बल्कि अनिद्रा की समस्या भी दूर हो सकती है। यदि कोई व्यक्ति पेट की समस्या या कब्ज की समस्या से परेशान रहता है तो वह रात को सोने से पहले कच्चे नारियल का सेवन करें।

# कोरोना वायरस से रिकवर होकर काम पर लौटीं श्रद्धा आर्या



कोरोना वायरस की तीसरी लहर का असर पूरे देशभर में देखने को मिला। तीसरे वेरिएंट ह्योमीक्रोनह्न ने कई लोगों को प्रभावित किया। टेलीविजन और बॉलीवुड भी इसकी चपेट से नहीं बच सका। कुंडली भाग्य में मुख्य भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री श्रद्धा आर्या भी कुछ समय पहले कोरोना पॉजिटिव हो गई थीं। लेकिन अब वह बिलकुल सही हैं और अपने काम पर लौट आई हैं। जिसकी जानकारी खुद अभिनेत्री ने अपने इंस्टा वीडियो के जरिए अपने फैंस को दी। श्रद्धा आर्या ने अपनी इंस्टा स्टोरी पर मस्ती करते हुए एक वीडियो शेयर किया। श्रद्धा ने इंस्टाग्राम के जरिए अपने फैंस को अपनी रिकवरी की जानकारी दी। उन्होंने ब्लू ड्रेस में इंस्टा स्टोरी पर एक गाने के साथ वीडियो शेयर किया, जिसमें वह अलग-अलग एक्सप्रेशन देती हुई नजर आईं। श्रद्धा ने वीडियो शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, फाइनली नेगेटिव और अब अपने काम पर लौट आई हूं।

# इम्यूनिटी को मजबूत कर सभी तरह के संक्रमणों से लड़ने में मदद करती हैं हरी सब्जियां

हरी पत्तेदार सब्ज़ियां आपकी पसंदीदा हों या न हों इन्हें सर्दियों में डाइट में जरूर शामिल करें। यह न सिर्फ कई तरह के पोषण तत्वों से भरपूर होती हैं बल्कि इम्यूनिटी को बढ़ावा भी देती हैं ताकि हमारा शरीर किसी भी तरहा डेस्क। एक बार फिर कोरोना वायरस की नए वेरिएंट ने दुनियाभर में सभी की चिंता बढ़ा दी है। ओमिक्रॉन के आने से भारत में भी तेजी से मामले बढ़ रहे हैं। ऐसे में इस संक्रमण से बचने के लिए एक्सपर्ट्स कोविड से जुड़ी सावधानियों को बरतने के साथ रोग प्रतिरोधक क्षमता यानी इम्यूनिटी को मजबूत करने की सलाह दे रहे हैं। इम्यूनिटी को कई तरह के उपाय की मदद से बढ़ावा दिया जा सकता है, जैसे काढ़ा, हर्बल-टी, योग, सप्लीमेंट आदि। इसके अलावा सही डाइट भी आपकी इम्यूनिटी को मजबूती देना का काम करती है। सिर पर हाथ रखकर बैठा दुखी पुरुष क्या है बर्न आउट सिंड्रोम? एक्सपर्ट से जानें पत्तेदार सब्ज़ियां आपकी पसंदीदा हों या न हों, इन्हें सर्दियों में डाइट




में जरूर शामिल करें। यह न सिर्फ कई तरह के पोषण तत्वों से भरपूर होती हैं, बल्कि इम्यूनिटी को बढ़ावा भी देती हैं, ताकि हमारा शरीर किसी भी तरह के संक्रमण से लड़ सके। केल, स्विस चार्ड आदि जैसी गहरे हरे रंग की पत्तेदार सब्ज़ियां एंटीऑक्सिडेंट्स, विटामिन-सी और ई से भरपूर होती हैं। इनका सेवन करने से आपकी इम्यूनिटी को बढ़ावा मिलता है। आप इनकी सब्जी बना सकते हैं या फिर इसे सलाद के रूप में खा सकते हैं। इसके अलावा इसका जूस भी बनाया जा सकता है। विटामिन-सी, ए, ज़िंक, आयरन से भरपूर पालक में कई एंटीऑक्सिडेंट्स और बीटा कैरोटीन भी शामिल होते हैं। विटामिन-सी और बीटा कैरोटीन दोनों ही हमारी प्रतिरक्षा प्रणाली को बीमारियों से लड़ने की ताकत देते हैं। यही वजह है कि इम्यूनिटी बढ़ाने के लिए पालक के सेवन की सलाह दी जाती है। पालक को पकाते समय थोड़ा कच्चा ही रखें, इससे आपको अधिक फायदा पहुंचेगा। ब्रोकली को सुपरफूड माना जाता है, क्योंकि यह सब्जी विटामिन ए, के, सी, फोलेट और फाइबर जैसे तत्वों का भंडार है। ब्रोकली इम्यूनिटी मजबूत करने का भी काम करती है।

# टीम इंडिया के लिए बुरी खबर, कप्तान और उप कप्तान समेत 6 व-19 विश्व कप टीम के खिलाड़ी कोरोना पोजिटिव



**नई दिल्ली:** भारतीय अंडर 19 टीम इस वक्त विश्व कप में अपना दम दिखा रही है। वेस्टइंडीज क्रिकेट बोर्ड की मेजबानी में खेले जा रहे टूर्नामेंट से भारत के लिए बुरी खबर आ रही है। भारतीय टीम के कप्तान यश डुल समेत 6 खिलाड़ी के कोरोना पोजिटिव होने की खबर है। आयरलैंड के खिलाफ खेले जाने वाले मुकाबले से ठीक पहले इन खिलाड़ियों के कोरोना संक्रमित होने की जानकारी सामने आई। बुधवार को भारतीय टीम आयरलैंड के खिलाफ अंडर 19 विश्व कप के अहम मुकाबले में खेलने उतरी। इस मैच से ठीक पहले भारतीय कप्तान यश और उप कप्तान एस के रशीद कोरोना की चपेट में आ गए। इन दोनों ही खिलाड़ियों की गैरमौजूदगी में निशांत सिंधु ने टीम की कप्तानी का जिम्मा संभाला। कप्तान और उप कप्तान के अलावा मानव पारख, सिद्धार्थ यादव, आराध्या यादव और वासु वत्स को आइसोलेट कर दिया गया है।भारत की अंडर-19 टीम के कप्तान यश ढुल, उप कप्तान शेख रशीद और टीम के उनके चार साथी कोविड-19 पाजिटिव पाए गए हैं जिसके कारण उन्हें बुधवार को आयरलैंड के खिलाफ विश्व कप के ग्रुप-बी मैच में बाहर रहने को बाध्य होना पड़ा। ढुल और रशीद के अलावा बल्लेबाज आराध्य यादव, वासु वत्स, मानव परख और सिद्धार्थ यादव भी इस वायरस से संक्रमित पाए गए हैं जिसके कारण भारतीय टीम आयरलैंड के खिलाफ बामुश्किल 11 खिलाड़ियों को उतार पाई। ढुल की गैरमौजूदगी में निशांत सिंधू ने टीम की अगुआई की।

बीसीसीआइ के एक अधिकारी ने बताया, ह्यभारत के तीन खिलाड़ी मंगलवार को पाजिटिव पाए गए और उन्हें पहले ही क्वारंटाइन में भेज दिया गया था। सुबह मैच से पहले हमारे कप्तान और उप कप्तान भी रेपिड एंटीजन परीक्षण में पाजिटिव पाए गए, जो निर्णायक नहीं था। इसलिए एहतियात के तौर पर उन्हें मुकाबले से हटा दिया गया। इन खिलाड़ियों में कप्तान यश ढुल और उप कप्तान शेख रशीद भी शामिल हैं। हमारे पास सिर्फ 11 खिलाड़ी उपलब्ध हैं

# विराट कोहली ने तोड़ा सचिन तेंदुलकर का एक और रिकार्ड, विदेशी धरती वनडे में रनों के बादशाह



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम साउथ अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज में बुधवार को खेलने उतरी। इस मैच में भारतीय टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली के निशाने पर पूर्व दिग्ज सचिन तेंदुलकर का एक बड़ा रिकार्ड निशाने पर था। पहला विकेट गिरने के बाद मैदान पर कदम रखने के बाद कोहली ने पारी का 9वां रन बनाने के साथ ही खास रिकार्ड बना डाला। साउथ अफ्रीका के खिलाफ पहले वनडे में विराट ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए सचिन का एक रिकार्ड अपने नाम कर लिया। सीरीज के पहले मैच में बल्लेबाजी करते हुए वह विदेशी धरती पर सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज बन गए।



# साउथ अफ्रीका ने 31 रन से जीता पहला मैच, सीरीज में 1-0 की बढ़त

**नई दिल्ली।** भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज का पहला मुकाबला पार्ल के बोलैंड पार्क में खेला गया। दक्षिण अफ्रीका ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया है। कप्तान तेंबा बवूमा और वान डेर डुसेन के शतक के दम पर निर्धारित 50 ओवर में टीम ने 4 विकेट पर 296 रन का स्कोर खड़ा किया। भारतीय टीम 8 विकेट पर 265 रन ही बना पाई। 31 रन से यह मैच जीतकर साउथ अफ्रीका ने 3 मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बनाई।

129 रन की पारी खेलने वाले वान डेर डुसेन को प्लेयर आफ द मैच चुना गया।साउथ अफ्रीका से मिले 297 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए केएल राहुल और शिखर धवन ने भारत के लिए तेज शुरूआत की। दोनों ने पहले 10 ओवर में भारत के स्कोर को 50 रन के पार पहुंचाया।

कप्तान राहुल 12 रन बनाकर मारक्रम की गेंद पर क्विंटन डिकाक को कैच दे बैठे। धवन ने अपनी बल्लेबाजी जारी रखते हुए 51 गेंद पर 8 चौके की मदद से पचास रन पूरे किए। 79 रन की पारी खेल कर केशव महाराज की गेंद पर वह गेंद को कट करने की कोशिश में बोल्ड हो गए।

# होटल की छत पर शराब पार्टी कर रहे थे रूट व एंडरसन,

## बर्खास्त हो सकते हैं इंग्लैंड के सहायक कोच



**नई दिल्ली।** आस्ट्रेलिया के एशेज सीरीज जीतने के बाद उसके और इंग्लैंड के खिलाड़ियों का होबार्ट में एक होटल की छत पर शराब पीकर रात भर शोर शराबा और हंगामा करने का मामला सामने आया है। इसके चलते पुलिस को बुलाना पड़ा। इस घटना का एक वीडियो भी वायरल हुआ है। इस मामले के सामने आने के बाद इंग्लैंड के सहायक कोच ग्राहम थोर्प पर गाज गिर सकती है।एक रिपोर्ट के मुताबिक, मंगलवार को पुलिस ने आस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों नाथन लियोन, ट्रेविस हेड और एलेक्स कैरी के साथ इंग्लैंड की टीम के कप्तान जो रूट और अनुभवी तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन को शोर की शिकायत के बाद क्राउन प्लाजा होटल की छत से बाहर निकला था। हालांकि मामले का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर वायरल होने के बाद पता चला है।थोर्प के कई बार मना किए जाने के बावजूद होटल के अंदर शराब पार्टी करने की वजह से पुलिस बुलाई गई थी। अब इस मामले में इंग्लैंड के सहायक कोच को बर्खास्त किया जा सकता है। हालांकि, इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने पहले ही उस फुटेज के लिए माफी मांगी है जिसमें रूट और एंडरसन के आस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों के साथ शराब पीते नजर आ रहे हैं।








# मुंबई में इंडियन नेवी के युद्धपोत आईएनएस रणवीर पर ब्लास्ट

## 3 जवान शहीद, कई घायल



**मुंबई।** मुंबई में इंडियन नेवी के युद्धपोत आइएनएस रणवीर ब्लास्ट हो गया था। इस हादसे में तीन नेवी जवानों की मौत हो गई हैं और कई लोग घायल बताए जा रहे हैं। घटना को लेकर भारतीय नौसेना के अधिकारी ने कहा ह्यनेवल डॉकयार्ड मुंबई पर आज एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना हुई; आईएनएस रणवीर के एक आंतरिक कंपार्टमेंट में विस्फोट में नौसेना के 3 कर्मियों की जान चली गई। जहाज के चालक दल ने स्थिति को तुरंत नियंत्रित किया। आईएनएस रणवीर नवंबर 2021 से पूर्वी नौसेना कमान से क्रॉस कोस्ट ऑपरेशनल तैनाती पर था और जल्द ही बेस पोर्ट पर लौटने वाला था। पर लौटने वाला था।

# किराए के मकान में चल रहा था फर्जी टेलीफोन एक्सचेंज पुलिस ने दो लोगों को किया गिरफ्तार



**भिवंडी।** ठाणे पुलिस आयुक्तालय कार्यालय परिमंडल - 2 भिवंडी के भोईवाडा पुलिस ने दो ऐसे आरोपियों को गिरफ्तार किया है जो एक किराए के मकान में फर्जी टेलीफोन एक्सचेंज चला रहे थे। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रोशन बाग न्यु गौरीपाडा निवासी शोएब अखिल अंसारी (24) और मोहम्मदी मंजिल गौरीपाडा निवासी मोमिन ताह इम्तियाज मोमिन (19) मिलकर नारपोली गांव, न्यु टावरे कंपाउड स्थित गणेश बिल्डिंग के गाला क्रमांक 1279 किराऐ पर लेकर फर्जी टेलीफोन एक्सचेंज चला रहे थे। पुलिस ने उक्त गाले पर छापा मार कर लैपटॉप, इंटरनेट शेयर स्लॉट कुल 2,57,200 रुपये का मुद्देमाल बरामद किया है। इसके साथ ही दोनों के खिलाफ भादवि धारा 420, 468, 471, 379,34 और भारतीय टेलीग्राम कायदा 1885 के कलम 4,20,25 के तहत मामला दर्ज कर किया है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक संपादक - मुर्तुजा मामाजीवाला के द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, युनिट नं. 4, ग्राउंड फ्लोअर, एन. के इंडस्ट्रिअल इस्टेट, ऑफ आरे रोड, प्रवासी इंडस्ट्रिअल इस्टेट के पास, गेट नं. 2, गोरेगाव (पूर्व),मुंबई - 400063 से मुद्रित कर शिव वातुक सेना कासिम नगर नियर लक्ष्मी इस्टेट न्यू लिंक रोड, अंधेरी (प),मुंबई -400053 प्रकाशित। संपादक: मुर्तुजा मामाजीवाला मों. 9819199997
■ T.C. NO. MAHHIN10172 ■ ईमेल: newsicon2021@gmail.com ■ newsicon.net